# राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई शासकीय नवीन महाविद्यालय गुरूर
## का सात दिवसीय विशेष शिविर

= स्वच्छता के लिए युवा =

दिनांक 26.11.2019 से 02.12.2019 तक

//प्रतिवेदन//

मान्यवर ..................................................................

..................................................................

..................................................................

राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई शासकीय नवीन महाविद्यालय गुरूर का सात दिवसीय विशेष शिविर दिनांक 26.11.2019 से 02.12.2019 तक ग्राम बी.जामगांव, तहसील–बालोद, जिला–बालोद (छ.ग.) संचालित हुआ, जिसका विधिवत् उद्घाटन दिनांक 26.11.2019 को हुआ। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना ईकाई से 50 प्रतिशत छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि श्रीमती सरिता ठाकुर (सरपंच), अध्यक्षता प्रो. एल. हिरवानी (सहायक प्राध्यापक) एवं विशेष अतिथि श्रीमती चेमन बाई साहू (उपसरपंच) श्री बिंझवार पटेल (ग्रामीण पटेल), श्री हीरा लाल यादव (ग्रामीण अध्यक्ष), श्री ऐनू राम साहू (ग्रामीण कोषाध्यक्ष), श्री नरेश कुमार साहू (पंच), श्रीमती केकती बाई साहू (पंच), श्री सुदामा राम निषाद (पंच), श्रीमती केशरबाई निषाद (पंच), डॉ. वाय.के. धुर्वे (सहायक प्राध्यापक), प्रो. गौसेवक देवांगन (अतिथि व्याख्याता), प्रो. पंकजदास साहू (अतिथि व्याख्याता), की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ ।

शिविरकाल में शिविरार्थी एक प्रेरणा एवं संदेश लेकर ग्राम में आए, जिनके द्वारा किये गये विभिन्न गतिविधियों का विवरण निम्नानुसार है :–

01. परियोजना कार्य :– शिविरार्थी प्रतिदिन प्रातः 09:00 बजे से दोहपर 12:00 बजे तक ग्राम में परियोजना कार्य किये जिसका विवरण निम्नानुसार है :–

- दिनांक 27.11.2019 को शिविर स्थल के आस–पास की साफ–सफाई, वार्ड क्र. 01, 02, 07, 08, एवं शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला, सामुदायिक भवन व बाजार चौक के आस–पास की सफाई की गई।
- दिनांक 28.11.2019 को वार्ड क्र. 09, 03, 04, अटल चौक के आसपास की साफ–सफाई का कार्य किया गया।
- दिनांक 29.11.2019 को वार्ड क्र. 01, 10, शिविर स्थल, गलियों एवं चौक चौराहे की साफ–सफाई की गई।
- दिनांक 30.11.2019 को वार्ड क्र. 04, 05, 06, 08, ग्राम पंचायत भवन, तालाब के आस–पास की साफ–सफाई का कार्य किया गया, एवं सोख्ता गढ्ढ़े का निर्माण किया गया।
- दिनांक 01.12.2019 को वार्ड क्र. 07, 08, 10, की गलियो एवं नलकूपों, तालाब में निर्मित महिला घाट की सफाई का कार्य किया गया ।
- दिनांक 02.12.2019 को शिविर स्थल प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला बी.जामगांव परिसर की साफ–सफाई तथा गांव के विभिन्न गलियों चौराहो की साफ–सफाई की गई।

क्रमशः....पेज–2

Scanned by CamScanner

02. बौद्धिक परिचर्चा :– छात्रों के बौद्धिक विकास के साथ–साथ उनमें बोलने की साहस पैदा करने तथा ग्रामीणों एवं छात्रों को विभिन्न जानकारी प्रदान करने प्रतिदिन 03:00 बजे से 05:00 बजे तक बौद्धिक परिचर्चा का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें विभिन्न विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी आकर अपने विभाग की जानकारी ग्रामीणों एवं शिविरार्थियों को प्रदान किये।

- दिनांक 27.11.2019 को श्री डी. आर. ठाकुर प्रधान पाठक, बालक प्राथमिक शाला बी.जामगांव उपस्थित हुए । इन्होंने शिविरार्थीयों एवं ग्रामीणजनों नैतिक ज्ञान एवं व्यक्तित्व विकास के बारे में जानकारी प्रदान किये।
- दिनांक 28.11.2019 को डॉ. जे. एल. बघेल प्राचार्य शासकीय नवीन महाविद्यालय गुरूर, उपस्थित रहे जिन्होने शिविरार्थीयों एवं ग्रामीणजनों युवा शक्ति के बारे में जानकारी प्रदान कर ग्रामीणों एवं शिविरार्थियों में सामंजसय बनाने की बात कही।
- दिनांक 29.11.2019 को श्री गजानंद साहू, बाल संरक्षण अधिकारी जिला–बालोद एवं श्री विनय देवांगन, नायब तहसीलदार गुरूर उपस्थित रहे । श्री गजानंद साहू जी शिविरार्थी एवं ग्रामीणों को बाल अपराध के संबंध में तथा बालकों के अधिकार एवं यौन उत्पीड़न, गुडटच–बेडटच के बारे में जानकारी प्रदान किया गया । एवं श्री विनय देवांगन जी ने युवाओं को कैरियर चुनने के संबंध में, कोचिंग के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया ।
- दिनांक 30.11.2019 को श्री रमेश सोनबोईर एवं सुश्री नागेश्वरी साहू, स्वास्थ्य विभाग बालोद उपस्थित रहे जिन्होंने शिविरार्थीयों एवं ग्रामीणजनों को स्वच्छता एवं अपने आस पास के स्थानो को स्वच्छ रखने के संबंध में जानकारी प्रदान किया गया। साथ ही विभिन्न बिमारियों के कारण, लक्षण तथा निदान की जानकारी प्रदान की।
- दिनांक 01.12.2019 को श्री अमर सिदार, डी. एस. पी. बालोद उपस्थित रहे जिन्होंने शिविरार्थीयों एवं ग्रामीणजनों साइबर अपराध, आत्म रक्षा एवं साइबर अपराध से बचने के बारे में जानकारी प्रदान किया गया । तथा डायल 100 की जानकारी प्रदान किया।

इस प्रकार प्रतिदिन किसी न किसी विभाग की अधिकारी बौद्धिक परिचर्चा में उपस्थित होकर शिविर के स्वयं सेवको एवं ग्रामीणों को अपने विचार तथा विभाग की जानकारी से लाभान्वित किये।

प्रतिदिन प्रातःकाल प्रभातफेरी में प्रेरक नारे एवं प्रेरणा गीत के माध्यम से जनजागरूकता करने का प्रयास किया गया। प्रातःकालीन व्यायाम एवं सांध्याकालीन खेल के माध्यम से स्वस्थ शरीर में स्वस्थ्य मस्तिष्क का वास होता है। इसका संदेश दिया गया। प्रतिदिन ग्रामीण जनो को सकारात्मक संदेश प्रेषित किया गया।

रात्रि 08:00 बजे ग्रामीण जनों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें ग्राम बी.जामगांव के कला मंच में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन कर छत्तीसगढ़ एवं भारतीय संस्कृति को उभारते हुए शिक्षा, स्वास्थ्य, नशामुक्ति, अज्ञानता एवं स्वच्छता, मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।

कैम्प फायर के माध्यम से चारों दिशा से आये हुए सत्य, शांति, वायु, अग्नि का संदेश दिया गया। इस प्रकार शिविरार्थियों के द्वारा ग्राम्यजनो को प्रत्येक गतिविधियों से संदेश देने का कार्य किया गया।

(डॉ.के.एल. रावटे)
कार्यक्रम अधिकारी

(डॉ. जे.एल. बघेल)
प्रभारी प्राचार्य
Principal
Govt. College, Gurur
Dist. - Balod (C.G.)



Scanned by CamScanner